हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 28 जनवरी 2024



04 जिला मुख्यालय के पुलिस ग्राउंड पर जल संसाधन मंत्री सिलावट ने तिरंगा फहराकर परेड़ की ली सलामी



### कलेक्टर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संयुक्त परेड की सलामी ली, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया

# जिले में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया








**आगर-मालवा।** जिले में 75वां गणतंत्र हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संयुक्त परेड की सलामी ली व मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने एसपी विनोद कुमार सिंह के साथ खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया तथा शांति के प्रतीक तीन रंगों के गुब्बारे आकाश में छोड़े। इस दौरान परेड द्वारा खुले आकाश में हर्ष फायर तथा गणतंत्र दिवस अमर रहे का जयघोष किया। तत्पश्चात एसएएफ 32वीं बटालियन उज्जैन, जिला पुलिस बल प्रथम एवं द्वितीय, जिला होमगार्ड बल, स्काउट एवं गाइड, एनसीसी दल, शौर्या दल ने परेड कमाण्डर सूबेदार जगदीश यादव के नेतृत्व में व नीलकंठेश्वर स्कूल की बेग पाइपर बैंड पार्टी की मधुर धुन पर कदमताल मिलाकर आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए मंच के सामने से गुजरकर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

## झांकियों का किया प्रदर्शन

मुख्य समारोह में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई, सुसज्जित झांकियां निकाली गईं। उद्यानिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला शहरी विकास अभिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की झांकियों का प्रदर्शन किया।




## सर्वश्रेष्ठ परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकी को मिला पुरस्कार

### स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सर्वप्रथम पीटी प्रदर्शन किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का क्रम शुरू हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें केंद्रीय विद्यालय आगर के बच्चों ने जय जवान जय भारत थीम पर तथा पुष्पा कान्वेंट स्कूल आगर के विकासशील भारत पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। सीएम राइज स्कूल के बच्चों ने एक तेरा ही नाम है सांचा तथा वंदे मातरम, द आईंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों शिक्षित भारत समर्थ भारत, श्री कृष्ण रतन एकडेमी के बच्चों ने पंजाब की सुंदर संस्कृति को दिखाते हुए रंगारंग नृत्य की प्रस्तुती दी तथा अन्त में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आगर के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रामकथा अन्तर्गत लव-कुश की कथाओं का मंचन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम उपस्थित दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। समारोह में मुख्य अतिथि ने सर्वश्रेष्ठ परेड सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों को मंच से शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ परेड में जिला पुलिस बल (अ) को प्रथम, एसएएफ 32 बटालियन उज्जैन को द्वितीय एवं पुलिस बल को (द्वितीय) को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आगर को प्रथम, आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल को द्वितीय एवं पुष्पा कान्वेंट स्कूल आगर को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभागीय झांकियों में किसान कल्याण एवं कृषि विभाग की झांकी को प्रथम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की झांकी को द्वितीय एवं शिक्षा विभाग की झांकी को तृतीय स्थान मिलने पर शील्ड व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया।



### शहीद की पत्नी का किया सम्मान

मुख्य समारोह में कलेक्टर ने ग्राम दीवानखेड़ी के शहीद बनवारीलाल राठौर की धर्मपत्नी वीरांगना सुनीता राठौर का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। साथ ही मंच पर उपस्थित सभी लोकतंत्र के प्रहरीयों को गणतंत्र दिवस की बधाई देकर उनका शॉल-श्रीफल से सम्मान किया।

### प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

मुख्य समारोह स्थल पर हाल ही में संसद द्वारा पारित तीन नये कानून पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई गई। विकास प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं विधायक मधु गेहलोत द्वार फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा नये कानून पर आधारित प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, विधायक मधु गेहलोत, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, एसडीएम सत्येन्द्र बैरवा, डिप्टी कलेक्टर मनीषा कौल, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण मंचासिन रहे। मुख्य समारोह में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन एमपी एग्रो प्रबंधक ओपी विजयवर्गीय एवं सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग रीना शर्मा ने किया।

# तनोडिया में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

स्वतंत्र भारत के 75वें गणतंत्र दिवस को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तनोडिया में राष्ट्रीय त्योहार के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया एवं सभी विद्यार्थियों द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों के स्वागत के पश्चात , राष्ट्रीय गीत, कविताएं, राष्ट्रीय गीतों पर नृत्य, रेड क्रॉस के बालक - बालिकाओं द्वारा पीटी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ब्रजराज सिंह राठौड़ द्वारा की गई। मुख्य अतिथीं राव राजेंद्र सिंह राठौड़ एवं विशेष अतिथि बने सिंह राठौड़, बहादुर सिंह राठौड़, डॉ रमेश मालवीय रहे। इसके बाद वर्ष भर विद्यालय में आयोजित खेल, संस्कृतिक वैज्ञानिक गतिविधियां आदि कार्यक्रमों के प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।



### कलेक्टर ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

**आगर मालवा।** गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपलिया हमीर में स्कूली बच्चों के साथ मध्यान भोजन किया। इनके साथ विधायक मधु गहलोत, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा भी मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मध्यान्ह कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत, नृत्य, ढोल एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया तथा कार्यक्रम उपरांत स्कूल परिसर में पौधा रोपण किया गया। संस्था प्रभारी बृजमोहन चौहान ने इस अवसर पर कलेक्टर से शाला प्रबंधन समिति ने स्कूल परिसर में बाउंड्री बनाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन चोहान ने किया एवं आभार नीतूजाट ने माना, सांस्कृतिक प्रस्तुति ओर पौधरोपण श्यामलाल वर्मा ओर दिनेश जेन ने सम्पन्न कराया।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी प्रस्तुतियां







हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नवीन बस स्टैंड पर नगर परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसमें नगर के सभी स्कूलों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां देखकर वाह वाही लूटी। वही बच्चों द्वारा दी गई मनमोहन प्रस्तुतियों पर नगर परिषद द्वारा प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने देशभक्ति से लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, चंद्रयान 3, झांसी की रानी, प्रभु श्रीराम आए हैं जैसे अनेक भूमिकाओं पर तथा देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ शिव सिंह चौहान ने माना। संचालन मुकेश बीजापारी ने किया।

### भंवर की हुई सीएमओ के पद पर नियुक्ति

**नलखेड़ा।** मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मुकेश भंवर की पदस्थापना स्थानीय नगर परिषद में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद पर हुई है। जानकारी के अनुसार मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर की मप्र राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2019 के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मप्र राज्य नगरीय प्रशासनिक सेवा के अंतर्गत मुख्य नगरपालिका अधिकारी ख श्रेणी के पद पर नियुक्त किया गया है। जिनमें मुकेश भंवर को नलखेड़ा नगर परिषद में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

# राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगे मंदिर मां बगलामुखी का किया श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में स्थित सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर सहित अन्य मंदिर भी राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगे दिखाई दिए, जहां देवी-देवताओं का तिरंगे में आकर्षक श्रृंगार किया गया था। नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर, श्री दास हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर सहित अन्य कई मंदिरों में भगवान का तिरंगे के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मां बगलामुखी को तीन रंग वाली आकर्षक चुनर ओढाई गई थी। श्री दास हनुमान मंदिर पर हनुमान जी को चोला चढ़ाकर तीन रंग की गर्म रुई से आकर्षक श्रृंगार किया गया। राधा कृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण व राधा रानी को तीन रंग के कपड़े पहनाकर गर्भगृह को राष्ट्रीय ध्वजों से सजाया गया था। राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्रभक्ति में नहाए इन मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंचे।




# नगर में गणतंत्र दिवस पर जगह जगह शान से फहराया राष्ट्रीय ध्वज


हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 7:30 बजे नगर के शासकीय और निजी स्कूलों में ध्वजारोहण हुआ। ध्वजारोहण के बाद स्कूलों की प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए होते हुए नवीन बस स्टैंड पहुंची, जहां नगर परिषद द्वारा मुख्य समारोह आयोजित किया गया था। नवीन बस स्टैंड पर झंडा वंदन समारोह आयोजित किया गया जहां नगर परिषद अध्यक्ष शिप्राबाई बिजापारी ने ध्वजारोहण किया। झंडा वंदन पर राष्ट्रीय ध्वज को पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। झंडावंदन के बाद मुख्यमंत्री के संदेश वाचन सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी ने किया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष राजेश डीलर, ओमप्रकाश पालीवाल, कालू सिंह बिजापारी, रमेंश सुर्यवंशी, बने सिंह चौहान, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। नगर परिषद में उपाध्यक्ष राजेश डीलर ने ध्वजारोहण किया, कानड़ थाना प्रांगण में टी आई लक्ष्मण सिंह देवड़ा द्वारा ध्वजा रोहण किया गया, जिला सहकारी बैंक पर प्रबंधक दिपक भटनागर ने ध्वजा रोहाण किया। प्राथमिक सहकारी साख संस्था पर प्रबंधक नंदकिशोर वर्मा ने ध्वजारोहण किया।



### उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्मा का किया सम्मान





**नलखेड़ा।** गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर व्यवहार न्यायालय नलखेड़ा के कर्मचारी रमेश वर्मा का उत्कृष्ट एवं ईमानदारी पूर्वक कार्य करने के कारण पीठासीन अधिकारी मोहित माधव एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल तथा सचिव के साथ बार एसोसिएशन नलखेड़ा के सदस्यों ने सम्मान किया।

### राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाकर किया गगन गूंजायमान

# गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शुक्रवार को नगर सहित अंचल में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस परंपरानुसार हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थान-स्थान पर ध्वजारोहण हुआ। स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रभातफेरियां निकली। मिठाई का वितरण किया गया। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय चौक बाजार में प्रातः 8.45 बजे परंपरानुसार सत्ताधारी दल के जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। ध्वजारोहण के बाद मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस दौरान पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया, कांग्रेस नेता हकीम भाई बोहरा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिवाजी चौराहे पर भाजपा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। यहां ग्राम गुदरावन के वरिष्ठ नेता रामकरण पाटीदार ने ध्वजारोहण किया। सरदार पटेल चौराहे पर कांग्रेस द्वारा एवं गणेश चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तहसील कार्यालय पर तहसीलदार प्रीति भिंसे, पुलिस थाने पर थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, जनपद पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष केसरबाई चौहान ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही समस्त शासकीय, अशासकीय संस्थाओं पर संस्था प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया।





**स्कूली बच्चे विभिन्न क्रांतिकारियों के वेश धारण कर हाथों में तिरंगा लिए चल रहे थे:** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में शासकीय स्कूलों के साथ ही कई अशासकीय स्कूलों के छात्र छात्राओं की अलग अलग प्रभातफेरियां निकली। जिसमें नगर के हजारों बच्चों द्वारा भाग लिया गया। इन प्रभातफेरियों में स्कूली बच्चे विभिन्न क्रांतिकारियों के वेश धारण कर हाथों में तिरंगा लिए जोश के साथ राष्ट्रभक्ति के तराने गाते चल रहे थे। सागर विद्या निकेतन की प्रभातफेरी में राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान सहित अन्य क्रांतिकारियों के रूप धर कर छात्र - छात्राएं प्रभातफेरी में शामिल हुए। कई स्कूलों में इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिनमे छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दी गई। सरस्वती विद्या मंदिर पर विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही ग्रामीण अंचल में समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों,ग्राम पंचायत कार्यालयों पर संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



## खबर संक्षेप

### अयोध्या से लौटते समय महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा का किया स्वागत



**देवास।** म.प्र. कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम कुमावत ने बताया कि अयोध्या से लौटते समय अखिल भारतीय संत समिति संयुक्त महामंत्री केन्द्रीय विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल में श्री 1008 राधे राधे बाबा एवं उस्ताद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने अयोध्या दर्शन कर देवास में मां तुलजा भवानी, मां चामुण्डा माता की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर इस अवसर पर महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा ने भक्तों को संबोधित करते हुए बताया कि अब देश में भगवान राम राम राज्य की स्थापना या भाव हो चुकी है अब पूरे भारतवर्ष में राम के पद चोन पर चलकर पूरे देश को हर घर में राम में बनाया जाएगा। रेल्वे स्टेशन रोड पर मजदूर कार्यालय पर मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के सदस्य लोकेश विजयवर्गीय, अजय उपाध्याय लक्ष्मीनारायण मारू, त्रिभुवन शर्मा, हुकुमसिंह दरबार, दामोदरराव जाधव, रमेश कौशल, छतरसिंह दरबार, लोकेश विश्वकर्मा, श्रीराम कुमावत, रामकली बेन, संगीता केवट, सुनीता मालवीय, रिद्धिका विजयवर्गीय ने राधे बाबा की आरती कर शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

### जल संसाधन मंत्री सिलावट ने दी बधाई



**देवास।** जिले के ग्राम कनेरिया टोंकखुर्द निवासी कबीर भजन गायक कालूराम बामनिया को पद्मश्री अवार्ड के लिए चयनित होने पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कालूराम बामनिया के निवास पर जाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, राजीव खण्डेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पिपरी क्षेत्र में दादा गुरु का किया स्वागत



**बागली।** संत दादा गुरु द्वारा सदी कि सबसे कठोर निराहार महाव्रत उपासना 1100 दिनों से अखण्ड कि जा रही है। साथ ही मां नर्मदा सेवा परिक्रमा किया जा रहा है। दादा गुरु सिर्फ मां नर्मदा का जल ग्रहण करते हैं, लगातार उनके द्वारा परिक्रमा के द्वारा समाज सेवा जैसे कार्य भी किया जा रहे हैं, और इसी दौरान वह बागली विधानसभा के सीतावन क्षेत्र पिपरी पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक पहाड़ सिंह कन्नौजे द्वारा दादा गुरु का स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही दादा गुरु के साथ पैदल चलकर उनसे कहीं विषयों पर चर्चा कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान पिपरी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा भी दादा गुरु का स्वागत किया गया।

### जिले में उल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# जिला मुख्यालय के पुलिस ग्राउंड पर जल संसाधन मंत्री सिलावट ने तिरंगा फहराकर परेड़ की ली सलामी






### मंत्री सिलावट नें शासकीय एकीकृत शाला बीएनपी में आयोजित "विशेष भोज" में शामिल होकर, बच्चों के साथ भोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने झण्डा वंदन कर सलामी ली। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने सुसज्जित जिप्सी पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। जिप्सी में कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय उनके साथ थे। परेड निरीक्षण उपरांत जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इसके बाद सशस्त्र बलों द्वारा तीन बार हर्ष फायर किए गए। हर्ष फायर उपरांत रणजीत ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। जल संसाधन मंत्री सिलावट द्वारा परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। मार्च पास्ट के उपरांत जल संसाधन मंत्री सिलावट ने रंग बिरंगे गुब्बारे को खुले आसमान में छोड़े। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र के प्रहरी एवं शहिदों के परिवारजनों का सम्मान भी किया। सांस्कृतिक



कार्यक्रम में सीएम राइज स्कूल देवास को प्रथम, सेन थामस स्कूल को द्वितीय तथा किंगजॉर्ज स्कूल को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

परेड में सीआईएसफ बीएनपी देवास को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरूष को द्वितीय, जिला होम गार्ड को तृतीय पुरस्कार मिला। शस्त्र रहित परेड में केपी कॉलेज को प्रथम, उत्कृष्ट विद्यालय को दूसरा स्थान, महारानी चिमनाबाई स्कूल को तृतीय स्थान मिला। मुख्य समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा झांकियां बनाई गई। झांकियों में शिक्षा विभाग की झांकी को प्रथम, कृषि विभाग की झांकी को द्वितीय, उद्यानिकी विभाग को



झांकी तृतीय पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, राजीव खण्डेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, न्यायाधीशगण, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, पत्रकारगणों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया।

### जल संसाधन मंत्री ने बच्चों के साथ किया मध्याह्न भोजन

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट नें शासकीय एकीकृत शाला बीएनपी में आयोजित "विशेष भोज" में शामिल होकर, बच्चों के साथ भोजन किया। मध्यान्ह भोजन में सब्जी-पूड़ी-खीर, सलाद-पापड़ के साथ लड्डू परोसे गये। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने शासकीय एकीकृत शाला बीएनपी देवास परिसर में पौधारोपण भी किया।

### निगम कार्यालय व जवाहर चौक पर महापौर ने फहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस पर नगर निगम कार्यालय मे महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त रजनीश कसेरा, उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के साथ प्रातः 7.30 बजे ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात परम्परानुसार जवाहर चौक पर प्रातः 8 बजे महापौर द्वारा ध्वज फहराया गया साथ ही तिरंगे गुब्बारे भी छोड़े गए। इस अवसर पर निगम कार्यालय मे गणतंत्र दिवस के समारोह पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त रजनीश कसेरा, उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, पार्षद प्रतिनिधि अजय पडियार के द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 57 निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इन अवसरो पर पार्षद राहूल दायमा, पार्षद प्रतिनिधि नितीन आहूजा, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल सहित निगम अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा ने किया तथा आभार उपायुक्त पिपलोनिया ने माना।

### अमलतास विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना 75वां गणतंत्र दिवस

देवास-उज्जैन रोड स्थित अमलतास विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से 75 वा गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अथिति बांगर सरपंच दिलीप जाट के साथ अमलतास ग्रुप के चेयरमैन मयंकराज सिह भदौरिया उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में अमलतास विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चो ने देशभक्ति के गीत पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। साथ ही अमलतास नशामुक्ति केंद्र के मरीजो ने देश भक्ति गीत के साथ देश में आपसी एकता और प्रेम सदैव बना रहे इसी उद्देश के साथ ध्वज फहराया गया। अमलतास प्रबंधन के मार्गदर्शन में अमलतास नशा मुक्ति/ पुनर्वास केंद्र में लाभ ले रहे हितग्राहियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें हितग्राहीयो ने राष्ट्रीय गीतो पर प्रस्तुति के।साथ ही योग की प्रस्तुति भी दी। हितग्राहियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियो सहारा गया। अस्पताल के चैयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया ने सभी देशवासियों को बधाई दी।





## बागली मुख्यालय पर सामूहिक रूप से उत्साह के साथ मनाया गया गणतंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

तहसील मुख्यालय बागली में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। जहां पर सभी स्कूलों के बच्चों द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई।

जिसके पश्चात सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह संत हरिओम दास महाराज की उपस्थिति, जनपद अध्यक्ष पारू बाई नाहर सिंह मुजाल्दे की अध्यक्षता तथा नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह,नप उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे,धर्मेन्द्र सेन्धव,कमल यादव , सीएमओ महेश कुमार शर्मा के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। जनपद अध्यक्ष मुजाल्दे ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में नगर की शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा उच्चतर कक्षाओ के छात्रों में द्वारा प्रस्तुति दी गई। श्रेष्ठ प्रस्तुतियो को पुरूस्कार भी दिए गए ।समिति संयोजक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आनंद मालवीया के मार्गदर्शन में समिति द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सहभागिता करने वाली संस्थाओं तथा बोर्ड परीक्षाओं में नगर में प्रथम व द्वितीय रहने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का ट्राफी देकर सम्मान किया गया। सभी ट्राफी समिति सदस्य अभिभाषक मुकेश गुर्जर के द्वारा अपने स्व. पिता रामगोपाल गुर्जर की स्मृति में उपलब्ध कराई गई। समारोह में खंड स्तरीय उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कलेक्टर द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन संकुल सहसमन्वयक वारिस अली व अभिभाषक समता राठौर ने किया। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजू मेढा ने सभी का आभार प्रकट किया। समारोह में नगर के विधार्थी, शिक्षक, अभिभावक, जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### जनमानस की मंशानुरूप बनेगा माता टेकरी पर देवीलोक

# विधायक पवार ने पाथ-वे का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

आगामी दिनों में माता टेकरी पर देवीलोक का निर्माण होने वाला है। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। शहरवासियों की मंशानुरूप देवीलोक का निर्माण किया जाएगा। देवीलोक के निर्माण को लेकर गुरुवार को विधायक गायत्री राजे पवार ने नगर निगम के दल के साथ टेकरी के पाथ वे सहित अन्य स्थान का भ्रमण किया। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि देवास की माता टेकरी पर देवीलोक का निर्माण किया जाना है।

इसे लेकर विचार-विमर्श किया जा रहा है। देवीलोक के लिए शहर के प्रबुद्धजनों से भी चर्चा की जाएगी, उनके सुझाव लिए जाएंगे। सभी की मंशानुरूप निर्माण कार्य किया जाएगा। विधायक गायत्री राजे पवार ने टेकरी के संपूर्ण पाथ-वे का भ्रमण किया। उन्होंने प्रत्येक स्थान पर बारिकी से



निरीक्षण किया। किस प्रकार से देवीलोक का निर्माण किया जाना चाहिए, इस संबंध में आर्किटेक्ट से जानकारी ली। आर्किटेक्ट को एक सप्ताह का समय दिया है। इस दौरान आर्किटेक्ट योजना अनुसार जानकारी उपलब्ध कराएंगे। यहां से विधायक ने भगवती सराय पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद विधायक ने मीठा तालाब स्थल पर पहुंचकर यहां बनने वाले पाथ-वे सहित अन्य कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश दिए।विधायक ने बताया कि टेकरी पर विकास कार्य हो रहे हैं। यहां प्रवचन हाल का निरीक्षण किया गया है। यह प्रवचन हाल 800 लोगों की क्षमता वाला है। जल्द ही यह प्रवचन हाल धार्मिक आयोजनों के लिए समर्पित करेंगे।


उन्होंने बताया कि देवीलोक की प्रारंभिक प्लानिंग की जा रही है। सभी से सुझाव लेकर जनमानस के अनुरूप देवीलोक का निर्माण होगा। तकनीकी सुझाव भी लिए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, आयुक्त रजनीश कसेरा, सहायक यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसौदिया, उपयंत्री दिलीप मालवीय, स्वच्छता निरीक्षक ओमप्रकाश पथरोड़ आदि उपस्थित थे।


## विधायक पवार ने किया नवीन तहसील भवन का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास


नवीन संयुक्त तहसील भवन का शुक्रवार को विधायक गायत्री राजे पवार ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला आटारिया, प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, विधायक प्रतिनिधि विक्रम सिंह पवार, कलेक्टर ऋषवा गुप्ता, एसपी संपत उपाध्याय उपस्थित थे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया की डिपो के पास तहसील कार्यलय बनकर तैयार हुआ है। सोमवार 29 जनवरी से नवीन तहसील कार्यालय में तहसील का कार्य शुरू किया जाएगा। तहसील कार्यलय शहरी क्षेत्र में होने से आमजन को आवागमन में सुविधा रहेगी।



समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
कालापीपल, जिला शाजापुर



समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
मनयासा, जिला शाजापुर



समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
बेहरावल, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
नान्दनी, जिला शाजापुर



समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
ढाबलाधीर, जिला शाजापुर



समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
ल. मलक, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
पिपल्यानगर, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
अरनियाकलाँ, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
ढाबलाधोसी, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
पौचानेर, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
रनायल, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
अवंतिपुर बड़ोदिया, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
खोकराकलाँ, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
भैसायागड़ा, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
आगखेड़ी, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि खाद्य सहकारी समिति
खरदोनकलाँ, जिला शाजापुर


कालापीपल जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों
की ओर से
समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
सौजन्य से : ग्राम पंचायत
कालापीपल जनपद, जिला : शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
अकोदिया, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
बोरसाली, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
मितैरा, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
देहण्डी, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
खाटसूर, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
कैथलाय, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
कड़वाला, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
चाकरोद, जिला शाजापुर



समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
नगर परिषद पानखेड़ी (कालापीपल)
जिला शाजापुर (म.प्र.)


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
सखेड़ी, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
हल्दायकलाँ, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
बोलाई, जिला शाजापुर


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति
मकोड़ी, जिला शाजापुर


शुजालपुर जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों
की ओर से
समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
सौजन्य से : ग्राम पंचायत
शुजालपुर जनपद, जिला : शाजापुर


"विजयी विश्व तिरंगा प्यारा,
झंडा ऊँचा रहे हमारा।
January
Republic Day
भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
"आइये... गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हम संविधान में निहित आदर्शों और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर देश व लोकतंत्र की प्रगति में योगदान दें।"
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ
घनश्याम चन्द्रवंशी विधायक - कालापीपल
+91 98934 10506
ghanshyambjp
@Ghanshyambjp169
#KRS Digital - 7697330261